उर्जा दक्षता उपायों में आंध्र प्रदेश सबसे आगे

drishtiias.com/hindi/printpdf/state-is-the-front-runner-in-energy-efficiency-measures

चर्चा में क्यों?

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) और नीति आयोग द्वारा जारी राज्यों की ऊर्जा दक्षता तत्परता सूचकांक (States' Energy Efficiency Preparedness Index -SEEPI) के अनुसार आंध्र प्रदेश ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में सबसे अव्वल राज्य बनकर उभरा है।

प्रमुख बिंदु

- BEE द्वारा राज्य सरकार को भेजे गए एक संसूचना के अनुसार SEEPI के पहले संस्करण में आंध्र प्रदेश के बाद केरल, पंजाब, राजस्थान और महाराष्ट्र का स्थान आता है।
- BEE का मूल्यांकन राज्य की ऊर्जा दक्षता और ऊर्जा बचत उपायों को अपनाने तथा अन्य प्रमुख मानकों पर आधारित है।
- आंध्र प्रदेश नगर पालिकाओं और कृषि में मांग-पक्ष प्रबंधन तथा घरेलू/भवन क्षेत्र में ऊर्जा दक्षता के मोर्चे पर अत्यधिक अच्छा प्रदर्शन करके सूचकांक में अन्य राज्यों से आगे है।
- एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार विश्व बैंक ने पहले ही ऊर्जा दक्षता कार्यान्वयन उपायों में आंध्र प्रदेश को प्रथम स्थान प्रदान किया है।
- इस सूचकांक के साथ ही ऊर्जा गहन उद्योगों हेतु ऊर्जा संरक्षण के लिये दिशानिर्देश भी जारी किये गए जो सरकार के प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (Perform,Acheive and Trade-PAT) योजना के अंतर्गत आते हैं।
- BEE द्वारा विकसित ये दिशा-निर्देश ऊर्जा गहन उद्योगों के लिये एक मानक संदर्भ दस्तावेज़ के रूप में कार्य करेंगे और ऊर्जा उपभोग करने वाले संसाधनों की उच्च परिचालन दक्षता प्राप्त करने में उनकी सहायता करेगा जिससे उनके ऊर्जा प्रदर्शन में सुधार होगा।